# नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

## रेस्टोरेंट संचालक पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत, कई दुकानों पर छापामार कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. राजस्व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है. जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राय ने बताया कि विगत दिवस फोन पर मिली शिकायत के आधार पर तिली रोड स्थित राशि रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जहाँ गंदगी का अंबार लगा पाया गया. चूहों एवं मक्खियों की भरमार पाई गई थी. अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रह एवं विक्रय का कार्य संचालित हो रहा था.**

इसके चलते राशि रेस्टोरेंट का एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन निलंबित 7 दिवस किया गया



था एवं दूषित खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु भेजे गए. परंतु मुकेश केशरवानी द्वारा नियमविरुद्ध अपने रेस्टोरेंट का संचालन पुन: आरंभ कर दिया गया, जिसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन को प्राप्त होने पर पुन: निरीक्षण किया गया था. इस दौरान मौके पर मुकेश केशरवानी को बुलाकर मौका पंचनामा बनाकर सक्षम न्यायालय, न्याय निर्णयन अधिकारी के समक्ष प्रकरण बनाकर प्रस्तुत किया गया.

कलेक्टर संदीप जी. आर. द्वारा गठित जांच दल एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की निगरानी एवं गुणवत्ता की जांच जारी है. बड़े बाजार स्थित नेमा मिष्ठान भंडार, बाके बिहारी मिष्ठान भंडार, जामा मस्जिद के पास स्थित सोमू बीकानेर, राजस्थान मिष्ठान भंडार से मावा-मिठाई, बसों द्वारा बाहर से लाया जा रहा मावा की निगरानी बस स्टैंड पर लगातार की जा रही है. खुरई के मिलन स्वीट्स की शिकायत मिलने पर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, संग्रहित कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए.

### कुएं से शव बरामद

**बीना.** ग्राम हिरणछिपा में अवैध शराब के चलते कुएं में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, श्रीराम अहिरवार शराब के नशे में कुएं की मुंडेर पर बैठे थे, अचानक संतुलन बिगड़ने से वे कुएं में गिर गए. आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की. ग्रामीणों ने निकालकर निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस को सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. ग्रामीणों ने बताया कि जिस कुएं के पास यह घटना हुई है, वहां दो जगहों पर अवैध रूप से शराब बेची जाती है, इसके चलते लोग रोजाना वहां बैठकर शराब पीते हैं, जिससे आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं. यह एक महीने में इसी कुएं में हुई दूसरी घटना है. इससे पहले राकेश अहिरवार नामक व्यक्ति की भी नशे की हालत में मौत हो गई थी.

# राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता की आठ विधाओं में 14 बच्चे हुए चयनित

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. नर्मदापुरम में आयोजित राज्यस्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सम्मिलित दल में शासकीय रविशंकर शुक्ल विद्यालय एवं संकुल अतंर्गत शासकीय मा. शाला धर्मश्री के विद्यार्थीयों उत्कृष्ट प्रस्तुति दी.**

विधाओं पुरूस्कार प्राप्त किए है जिसमें सामूहिक लोकगीत विधा वरिष्ठ वर्ग में लक्ष्मी सेन, अमृता यादव, अष्टमी ताम्रकार, शिवानी अहिरवार, नेहा राजपूत, राघव सेन ने प्रदेश अंतर्गत सम्मिलित नौ संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रा आयशा खान ने प्रथम, उर्दू वाद-विवाद पक्ष में छात्रा आलिया मनिहार ने तृतीय,




नि:शक्तजन प्रतियोगिता में एकल गायन में दृष्टि वाधित छात्र डेलन लोधी ने प्रथम, एकल अभिनय में मूक/श्रवण बाधित छात्र कृष्णा कोरी प्रथम, सामूहिक अभिनय में मूक/श्रवण बाधित छात्र मनोज गौंड़ एवं साथी ने प्रथम स्थान, लिपि लेखन में श्रवण/मूकबधिर छात्र कृष्णा कोरी ने तृतीय स्थान, एकल वादन में दृष्टि वाधित छात्र डेलन लोधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. दल का नेतृत्व अशोक पटैल द्वारा किया गया. दल में डॉ. शुभा मिश्रा, संकुल अंतर्गत शालाओं से रिंकी राठौर, जयंत विश्वकर्मा, साधना पांडे, विशेष शिक्षक आरिफ अली, दुष्यंत कुर्मी, अनीशा बानो, रामगोपाल ठाकुर बालरंग प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए. उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने दल को शुभकामनायें दी एवं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्थान बनाने हेतु शुभकामनायें दीं.

## एक नजर में



### संगठनात्मक विषयों पर डिप्टी सीएम से चर्चा

**सागर.** भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भोपाल पहुँचकर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट की. श्री तिवारी ने उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल को आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी व आगामी कार्यक्रमों संबंध में चर्चा की. उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी.



### राज्यमंत्री ने दिया स्वच्छता सम्मान पुरस्कार

**राहतगढ़.** रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित पांचवा प्रदेश स्तरीय स्वच्छता समग्र के तहत स्वच्छता सम्मान समारोह आयोजित हुआ. जिसमें राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी एवं आयुक्त ने तहसीलदार व सीएमओ निर्मलसिंह राठौर, उपयंत्री आकाश जैन, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार विश्वकर्मा, मुसब्बिर पठान को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर में चतुर्थ स्थान मिलने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. यह सम्मान पुरस्कार श्रेणी फास्टेस्ट मूवर 20 से 50 हजार जनसंख्या वाली निकायों में चतुर्थ स्थान प्राप्त किये जाने पर दिया गया. सीएमओ श्री राठौर ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व राहतगढ़ में स्वच्छता टीम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण ओडीएफ और जीएफसी स्टार रेटिंग का जमीनी सर्वे किया गया था.




### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम : महिलाओं का सम्मान

**रहली.** सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशन में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के उद्देश्य का वाचन किया गया एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा व प्रस्तावना प्रस्तुत की गई. कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका एवं नगर की महिलाएं जो आदर्श ग्रहणी है, नेतृत्वकर्ता, समाजसेवी है उनका सम्मान किया जाएगा. कार्यक्रम में सुलोचना सोनी, स्वपना सराफ, सुधा अवस्थी, मेघा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं.



### ई-अटेंडेंस के विरोध में सीएम के नाम ज्ञापन

**सागर.** ई अटेंडेंस का विरोध करने के लिए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा. एनएमओपीएस सागर जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि ई-अटेंडेंस अव्यवहारिक है, अमानवीय है, ऐसे शिक्षक साथी जो दूरस्थ दुर्गम स्थलों में बहुत कठिन संघर्ष के साथ विद्यालय पहुँचते हैं जहाँ सही सड़क नहीं है, नदियों में पुल नहीं हैं, जहाँ सही नेटवर्क नहीं है, जिन्हें आये दिन मीटिंग व स्कूल के अन्य कार्यों से जनशिक्षा केंद्र, संकुल, डीईओ कार्यालय, डाइट, कोषालय, निर्वाचन कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, अस्पताल व ऐंसे न जाने कितनों जगह में जाना होता है. ज्ञापन सौंपने वालों में ठाकुर शैलेंद्र सिंह, मुकेश नेमा, चूरामन रैकवार, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. डीडी गोस्वामी, सुनील जैन, अनिल जैन, एमपी सूर्यवंशी, घनश्याम पटेल, श्याम मनोहर वैद्य, विजया मिश्रा, रजनी सेन, एचपी साहू, थान सींग मंडल, पंकज वैद्य, बाबू मछंदर, सुरेंद्र महावत उपस्थित हुए.

# परीक्षा का निरीक्षण किया



नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. राष्ट्रीय मैरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 संपन्न हुई. सागर में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण संयुक्त संचालक राज्य शिक्षा केंद्र प्राचीश जैन द्वारा किया गया.**

परीक्षा में शासकीय स्कूलों के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत बच्चे शामिल हुए. जो कि कक्षा 9 से 12 वीं तक में छात्रवृत्ति के लिए चयनित किए जायेंगे. सागर के शासकीय स्कूल बाघराज, तिली, एमएलबी और एक्सीलेंस स्कूल में संचालित परीक्षा सुचारु और शांतिपूर्ण तरीके से नियमानुसार संचालित पायी गई.



**---दीपोत्सव की तैयारियां शुरू ---**

**सागर. पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व धनतेरस से शुरु होने जा रहा है जिसकी तैयारियां हो गई हैं. घरों में रंगाई-पुताई तो बाजारों में रौनक नजर आने लगी है. दीपावली से संबंधित दीया और अन्य सामग्री की दुकानें भी बाजार में सज गई हैं.**

### कार्यालयों की होगी सफाई

**सागर.** दीपावली पर्व के पूर्व सभी विभाग प्रमुख कार्यालयों में स्वच्छता की दृष्टि से विशेष सफाई अभियान प्रारंभ करें. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर. ने दिए हैं. सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यालयों में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखें और दीपावली से पूर्व विशेष अभियान चलाकर समस्त कार्यालयों को स्वच्छ बनाया जाए. कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कार्यालयों में रखे पुराने व अनुपयोगी सामानों को नष्ट करें तथा अनावश्यक सामग्री को न रखें. मुख्य गेट से लेकर सभी कक्षों तक साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए.

# कैंसर हॉस्पिटल का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. जल्द ही अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल की सौगात मिलने जा रही है 80 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कैंसर अस्पताल का शिलान्यास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शीघ्र ही करेंगे.**

यह जानकारी विधायक शैलेन्द्र जैन ने भोपाल में मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के बाद दी. कैंसर अस्पताल के शिलान्यास हेतु मुख्यमंत्री से आग्रह किया. विधायक श्री जैन के आग्रह को स्वीकृती प्रदान करते हुए जल्द ही कैंसर अस्पताल के शिलान्यास हेतु आश्वासित किया है. इस दौरान



विधायक श्री जैन ने पर्ल्स निवेशकों के मुद्दे पर भी विस्तार से बात की. उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में निवेशकों की पूँजी लंबे समय से फंसी हुई है. इस पर मुख्यमंत्री को आग्रह किया गया कि कंपनी की जप्तशुदा संपत्तियों का नीलामी कर निवेशकों को भुगतान कराया जाए.

विधायक श्री जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई तीन प्रमुख सौगातें शिलान्यास हेतु तैयार हैं रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय विश्वविद्यालय, आचार्य विद्यासागर आयुर्वेद महाविद्यालय, अत्याधुनिक कैंसर हॉस्पिटल इन तीनों परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सागर का सर्वांगीण विकास होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे. विधायक श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सागर विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है. यह हॉस्पिटल पूरे बुंदेलखंड के लिए जीवनदायिनी परियोजना सिद्ध होगी.

### अभाविप सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा

**राहतगढ़.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन देकर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को हो रही असुविधाओं के निराकारण की मांग की. ज्ञापन में विद्यार्थियों के पहचान पत्र बनाए जाने, महाविद्यालय में टीचर की कमी, खेल ग्राउंड व्यवस्था आदि मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर अभाविप नगर अध्यक्ष आनंद साहू, राज चौबे, अनुराधा कुर्मी, वंशिका नेमा, सत्यम ठाकुर, अजय नामदेव, अनुज पाठक आदि मौजूद थे.

# श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू




नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने म.प्र. श्रम कल्याण मंडल, सागर संभाग द्वारा आयोजित श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.**

खेल परिसर मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रमिक एवं कर्मचारी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डॉ. जीएस चौबे, धर्मेंद्र चौबे, एमके जैन, डॉ. ऋतु जायसवाल सुधांशु श्रीवास्तव, अनिल अवस्थी संगीता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे.




# प्रलेस की गोष्ठी में स्मरण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार, आलोचक डॉ. नामवर सिंह के जनशताब्दी वर्ष एवं स्मृतिशेष साहित्यकार महेंद्र फुसकेले की पुण्यतिथि पर नामवर सिंह एवं महेंद्र फुसकेले स्मरण संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. गजाधर सागर ने की. संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कवि श्याम श्रीवास्तव सनम एवं अशोक फुसकेले थे.

संगोष्ठी में लेखक एवं कवि कैलाश तिवारी विकल, टीकाराम त्रिपाठी, कविता मलैया ने आलेख वाचन किया तथा इकाई सचिव पेट्रिस फुसकेले ने महेन्द्र फुसकेले की प्रकाशित पुस्तक से नामवर सिंह पर लिखा आलेख का वाचन किया. संगोष्ठी का संचालन वीरेंद्र प्रधान के द्वारा किया गया. संगोष्ठी की द्वितीय सत्र में अरुण दुबे, पूरनसिंह राजपूत, डॉ.नमृता फुसकेले, वृंदावन राय सरल, सतीश पांडे, डॉ.गजाधर सागर, डॉ.अनिल जैन, ममता भूरिया ,वीरेंद्र प्रधान, सुमन झुड़ेले, एम.शरीफ मौजूद थे.

### दीपोत्सव में निधि जायेंगी

**सागर.** प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 17 से 19 अक्टूबर



तक ऐतिहासिक दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा. उप्र के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस दीपोत्सव में देश-विदेश से आए कलाकार लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगे. समर्थ लोक कला संस्था सागर की टीम 19 अक्टूबर को दीपोत्सव के मंच पर मनमोहक बुंदेली वधाई लोक नृत्य की प्रस्तुति देगी. संस्था की निर्देशक निधि चौरसिया जो कि बुंदेली लोक संस्कृति की प्रसिद्ध कलाकार हैं के निर्देशन में यह प्रस्तुति दी जाएगी. टीम में अंकित, नीलम, भूपेन्द्र, आस्था, कचन, निधि, नीलेश, यशवंत, रूपेश, भानु, देशराज, नीरज, बावी, विनोद और सानिया जैसे कलाकार शामिल हैं.

# छत्रसाल नगर में 73 अपात्र पाए गए

## प्रमं आवास योजना में आवंटित फ्लैट चल रहे किराए से, निगम ने लगाए ताले

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अक्टूबर. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बाघराज वार्ड छत्रसाल नगर कॉलोनी में स्थित आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, 20 हजार रुपए जमा कर आवासों पर कब्जा करने एवं आवंटित आवास को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विकय करने की निगम के अधिकारियों के साथ रहवासियों से चर्चा की तथा उनके आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई.**

उल्लेखनीय है कि दो दिन में 204 आवासों की जांच की गई जिसमें 73 अपात्र किरायेदार, 103 पात्र व्यक्ति एवं 28 निगम आधिपत्य वाले आवास मिले.




निगमायुक्त द्वारा की गई जांच के दौरान किरायेदारों से चर्चा की. उन्होंने बताया कि प्रतिमाह 15 सौ रुपए से 2 हजार रुपए किराया दे रहे हैं. निगमायुक्त ने ऐसे सभी आवासों के दरवाजे पर लाल स्याही से अपात्र लिखवाकर संबंधित व्यक्ति का आवंटन निरस्त करने हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिए. निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा गरीब परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बाघराज वार्ड में छत्रसाल नगर कालोनी में आवास आवंटन किए थे ,जिसमें अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर एवं केवल 20 हजार रुपए जमाकर कब्जा करने वाले आवासों को निगम का ताला लगाकर आधिपत्य में लिया गया है तथा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध जांच उपरांत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एस एस बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, महादेव सोनी मौजूद थे.

**कार्रवाई** | **टाइगर रिजर्व से विस्थापित ग्रामीणों सहित अन्य ग्राहकों की रिपोर्ट पर रहली थाने में दर्ज हुआ मामला**

# निजी बैंक के तीन कर्मचारियों ने ग्राहकों के खाते से उड़ाई करोड़ों की राशि

नवभारत न्यूज

**ररहली 14 अक्टूबर. टाइगर रिजर्व से विस्थापित हुए ग्रामीणों सहित नगर के कई ग्राहकों के साथ एचडीएफसी बैंक में हुए करोड़ों रुपए के गबन मामले में बैंक प्रबंधन ने अपनी आंतरिक जांच के बाद तीन कर्मचारियों को दोषी पाया है.**

बैंक की ओर से तीनों कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस थाने में आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी सुनील शर्मा के अनुसार एचडीएफसी बैंक सागर कलस्टर हेड प्रभात सक्सेना ने बैंक कर्मचारी नितिन द्विवेदी 37 वर्ष निवासी बहेरिया, बाके बिहारी नगर, शंकर मंदिर के सामने, कार्तिक नायडू 33 वर्ष निवासी आनंद नगर, दीपक मेमोरियल स्कूल के सामने, राजाखेड़ी, मकरोनिया एवं राहुल भट्ट 38 वर्ष हाउस बिल्डिग एटीपी बूटी बाई स्कूल के पास, गली रोड लेन वार्ड 31, हरि सदन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. कर्मचारियों ने मिलीभगत से बैंक खाताधारकों के खातों से धनराशि निकाली एवं बीमा राशि का दुरुपयोग किया है. नितिन द्विवेदी ने आवेदन पत्र में यह भी बताया कि इस गबन में उनके साथ राहुल भट्ट और कार्तिक नायडू भी शामिल थे. इनके द्वारा अन्य ग्राहकों में राजकुमार बासुदेव, रूपरानी बासुदेव, मूलचंद अहिरवार, गणेश गौड, प्रेम सिंह गौड, घरफोरी अहिरवार और मंचल रानी के खातों से भी लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई.

### खाताधारी जो ठगे गये

द्रोपती गौड़ 9.40 लाख, श्याम अहिरवार 45 हजार, धनाबाई 2 लाख, सोनू गौड़ 4.93 लाख, गिरधारी अहिरवार 20 लाख, हरेन्द्र सिंह ठाकुर 2 लाख, श्रीगणेश ट्रेडर्स 2 लाख, महेन्द्र कुमार 9 लाख 50 हजार, अनीता सोनी 2.20 लाख, सन्मति ट्रेडर्स 13 लाख, पारस ट्रेडर्स 3.30 लाख व 17 लाख, गोविन्द सिंह राजपूत 1.15 लाख, यशवंत 1.80 लाख, परमलाल पटेल 5 लाख, लखन गौड़ 7.50 लाख, घनश्याम अहिरवार 4 लाख, हेमराज अहिरवार 1 लाख, विश्वकर्मा 4.25 लाख की गड़बड़ी की गई है.

ग्राहकों के जिन खाते में गड़बड़ियो (धन एवं बीमा संबधी) हुआ है, उनमें खाता धारक दोपती गौड, श्याम अहिरवार, धनाबाई, सोनू गौड, गिरधारी अहिरवार, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, मेसर्स गणेश ट्रेडर्स, महेंद्र कुमार, अनीता सोनी, सन्मति ट्रेडर्स, पारस ट्रेडर्स, गोविन्द सिंह राजपूत, कृपाराम काही पटैल, यशवंत पिता महताब, परमलाल पटेल, लखन गौड, घनशम अहिरवार, हेमराज अहिरवार एवं नितिन द्विवेदी के स्वीकारोक्ति लिखित में यह भी जानकारी दी है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में उनके कर्मचारी राहुल भट्ट और कार्तिक नायडू भी है.